# आकाशवाणी शिमला
## 16.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

### प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि स्टार्टअप इंडिया कार्यक्रम महज एक योजना नहीं बल्कि एक इंद्रधनुषी दृष्टि है जो विभिन्न क्षेत्रों को नए अवसरों से जोड़ती है। नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया मिशन महज दस वर्षों में एक क्रांति बन गया है और इसने पूरे देश में एक नई संस्कृति को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक दशक पहले भारत में 5 सौ से कम स्टार्टअप्स थे लेकिन अब इनकी संख्या बढकर दो लाख से अधिक हो गई है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने प्रदर्शनी क्षेत्र का दौरा किया और प्रदर्शकों से बातचीत की।

### विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि देश में लोकतांत्रिक प्रणाली पिछले 78 वर्षों से निरंतर मजबूत हुई है और लोकतंत्र सशक्त हुआ है जो पूरे विश्व के लिए एक बड़ा संदेश है। नई दिल्ली स्थित संसद भवन में आयोजित 28वें राष्ट्रमंडल देशों के स्पीकर और पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में भाग लेने के बाद संसद टी.वी को दिए साक्षात्कार के दौरान उन्होंने ये बात कही। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि सम्मेलन में सोशल मीडिया व एआई के उपयोग पर भी विस्तृत चर्चा की गई। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हिमाचल प्रदेश ई–विधान प्रणाली लागू करने वाला अग्रणी राज्य रहा है और वर्तमान में प्रदेश में राष्ट्रीय ई–विधान को भी अपनाया जा रहा है।

### शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने आज शिमला से प्रदेश के सरकारी स्कूलों के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के दल को एक्सपोजर विजिट के लिए रवाना किया। इस यात्रा के अंतर्गत बच्चों को चंडीगढ़, अमृतसर और वाघा बॉर्डर जैसे ऐतिहासिक, सांस्कृतिक व शैक्षणिक महत्व के स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। इस दल में कुल एक सौ 56 सदस्य शामिल हैं, जिनमें 96 विशेष आवश्यकता वाले बच्चे, स्पेशल एजुकेटर्स, समावेशी शिक्षा के अधिकारी शामिल हैं। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस यात्रा का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को एक्स्पोज़र प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी समग्र शिक्षा द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### बिहारी लाल शर्मा

प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष बिहारी लाल शर्मा ने कहा है कि प्रदेश में न तो विकास कार्यों में गति है और न ही शासन में स्थिरता और कांग्रेस सरकार के भीतर चल रहे आपसी टकराव का खामियाजा हिमाचल की जनता भुगत रही है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह, जगत सिंह नेगी और अनिरूद्ध सिंह के हालिया बयानों ने ये साबित कर दिया है कि कांग्रेस सरकार के भीतर न तो समन्वय है और न ही नेतृत्व की स्पष्ट दिशा। बिहारी लाल शर्मा ने बताया कि इस तरह के बयान सरकार की अराजक स्थिति को उजागर करते हैं और इसका सीधा असर विकास कार्यों, कानून–व्यवस्था व जनहित से जुड़े फैसलों पर पड़ रहा है।

**'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट'**

मुख्यमंत्री सुख–आश्रय योजना के तहत प्रदेश के बाल देखभाल संस्थानों में रहने वाले 'चिल्ड्रन ऑफ द स्टेट' बच्चों का दल कल शांम शिमला पहुंचा। इस भ्रमण में प्रदेश के तीन बाल देखभाल संस्थानों में रह रहे कुल 52 बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने सभी बच्चों से संवाद किया और उनके भ्रमण के अनुभवों को सुना। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री सुख–आश्रय योजना के तहत राज्य सरकार इन बच्चों को केवल संरक्षण ही नहीं, बल्कि बेहतर भविष्य के लिए आवश्यक अवसर भी प्रदान कर रही है।

–––––––––––––––––